OCT-02226
Paper-II
HINDI

Series

A

Question Booklet Serial No. प्रश्नपत्रिका अनुक्रमांक

A

Signature and Name of Invigilator

1. (Signature) .....

   (Name) .....

2. (Signature) .....

   (Name) .....

Seat No. | | | | | | | | |
(In figures as in Admit Card)

Seat No. .....
(In words)

OMR Sheet No. | | | | | | |
(To be filled by the Candidate)

Time Allowed : 2 Hours] **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **24**

Number of Questions in this Booklet : **100**

Instructions for the Candidates

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **100** objective type questions. **Each** question will carry **two** marks. **All** questions of Paper II will be **compulsory**.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   (i) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. **Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.**
   (ii) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. **Faulty booklets due to missing pages/questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes.** Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.
   (iii) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   Example : where (B) is the correct response.
   (A) ● (C) (D)
   Following wrong methods should not be used as they are not recognised by scanning machine in digitized assessment. Candidate using such method will be responsible for their loss.

WRONG METHODS
(A) (✓) (C) (D) (A) (✗) (C) (D) (A) (●) (C) (D) (A) (B) (C) (D)

5. Your responses to the items are to be indicated in the OMR Sheet given inside the Booklet only. If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.
12. There is no negative marking for incorrect answers.

विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना

1. परीक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या OMR उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत **100** बहुविकल्प प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनिटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात :
   (i) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. **स्टीकर सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्वीकारू नये.**
   (ii) पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. **पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/ प्रश्नांचा चुकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी.** त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया नोंद घ्यावी.
   (iii) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पाहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळा/निळा करावा.
   उदा. : जर (B) हे योग्य उत्तर असेल तर.
   (A) ● (C) (D)
   खालील चुकीच्या पद्धती वापरू नये, कारण डिजिटाइज्ड (Digitized) मूल्यांकनात स्कॅनिंग मशीन त्यांना ओळखत नाही. त्या पद्धती वापरून नुकसान झाल्यास त्यास विद्यार्थीच जबाबदार असतील.

चुकीची पद्धती
(A) (✓) (C) (D) (A) (✗) (C) (D) (A) (●) (C) (D) (A) (B) (C) (D)

5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत**. इतर ठिकाणी लिहिलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेवर नमूद केलेल्या ठिकाणाव्यतिरिक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गांचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापि, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. **फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.**
11. कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.
12. चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.

Hindi
Paper II
हिंदी
प्रश्नपत्रिका II

Time Allowed : 120 Minutes] **[Maximum Marks : 200**

सूचना : इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं । **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

1. ‘‘‘गोदान’ में भारतीय ग्राम जीवन और नगर जीवन का साथ-साथ, समानांतर रूप में चित्रण हुआ है, अतः इसके लिए प्रेमचंद ने कथा की ‘समानांतर संक्रमण प्रविधि’ का प्रयोग किया है ।’’ प्रस्तुत कथन किसका है ?
   (A) डॉ. नगेंद्र
   (B) नलिन विलोचन शर्मा
   (C) डॉ. रामविलास शर्मा
   (D) डॉ. रामचंद्र तिवारी

2. कौन-सी रचना गोस्वामी तुलसीदास के जीवन पर आधारित है ?
   (A) खंजन नयन
   (B) मानस का हंस
   (C) सात घुँघट वाला मुखड़ा
   (D) करवट

3. ‘एक टोकरी भर मिट्टी’ कहानी की विधवा बुढ़िया झोंपड़ी से मिट्टी ले जाकर अपनी पोती के लिए उससे क्या बनाना चाहती है ?
   (A) खिलौना
   (B) भगवान् की मूर्ति
   (C) छोटा घर
   (D) चूल्हा

4. निम्नलिखित में से कौन-सी कहानी चंद्रधर शर्मा गुलेरी द्वारा लिखित **नहीं** है ?
   (A) उसने कहा था
   (B) सुखमय जीवन
   (C) कानों में कँगना
   (D) बुद्धू का काँटा

5. ‘ईदगाह’ कहानी का हामिद कितने पैसे में चिमटा खरीदता है ?
   (A) दो पैसे
   (B) तीन पैसे
   (C) चार पैसे
   (D) पाँच पैसे

6. निम्नलिखित सामाजिक संगठनों का उनके संस्थापकों के साथ सुमेलित कीजिए :

a. रामकृष्ण मिशन	i. राजाराम मोहनराय
b. आर्य समाज	ii. महादेव गोविंद रानडे
c. प्रार्थना समाज	iii. स्वामी विवेकानंद
d. ब्रह्म समाज	iv. स्वामी दयानन्द सरस्वती
	v. रवींद्रनाथ टैगोर

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	iii	v	iv
(B)	ii	iii	iv	v
(C)	iii	iv	ii	i
(D)	i	ii	iv	v

7. निम्नलिखित अपभ्रंश का आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

a. केकय	i. पंजाबी
b. टक्क	ii. सिंधी
c. ब्रायड	iii. बंगाली
d. मागधी	iv. लहँदा
	v. मराठी

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iv	i	ii	iii
(B)	ii	iii	i	iv
(C)	v	i	iii	ii
(D)	iii	iv	ii	i

8. निम्नलिखित वर्गों के साथ व्यंजनों के साथ सुमेलन कीजिए :

a. कंठ्य	i. द
b. दंत्य	ii. श
c. संघर्षी	iii. भ
d. ओष्ठ्य	iv. क
	v. व

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iii	ii	i	iv
(B)	v	iii	ii	i
(C)	iv	i	ii	iii
(D)	i	v	iii	ii

9. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित आत्मकथाओं का सही अनुक्रम है

(A) अपने-अपने पिंजरे, जूठन, मुर्दहिया, शिकंजे का दर्द

(B) जूठन, मुर्दहिया, शिकंजे का दर्द, अपने-अपने पिंजरे

(C) मुर्दहिया, शिकंजे का दर्द, अपने-अपने पिंजरे, जूठन

(D) शिकंजे का दर्द, अपने-अपने पिंजरे, जूठन, मुर्दहिया

10. निम्नलिखित में से यात्रावृत्तों का संगत वर्ग कौन-सा है ?

(A) गोरी नज़रों में हम, परतों के बीच, भोर का सपना, मुड़-मुड़ कर देखता हूँ

(B) परतों के बीच, भोर का सपना, कितना अकेला आकाश, गोरी नज़रों में हम

(C) कितना अकेला आकाश, भोर का सपना, गोरी नज़रों में हम, मैंने मांडू नहीं देखा

(D) मैंने मांडू नहीं देखा, गोरी नज़रों में हम, भोर का सपना, वसंत से पतझर तक

11. निम्नलिखित लेखकों का उनकी रचनाओं के साथ सुमेलन कीजिए :

a. राहुल सांकृत्यायन i. भोलराव का जीव
b. कृष्ण चंदर ii. एक कहानी यह भी
c. हरिशंकर परसाई iii. मेरी तिब्बत यात्रा
d. मन्नू भंडारी iv. जामुन का पेड़
v. मुर्दहिया

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	v	iii	i	ii
(B)	ii	v	iii	i
(C)	i	iii	ii	v
(D)	iii	iv	i	ii

12. निम्नलिखित विधाओं का उनकी रचनाओं के साथ सुमेलन कीजिए :

a. रेखाचित्र i. अरे यायावर रहेगा याद
b. जीवनी ii. मुर्दहिया
c. यात्रा-वृत्तांत iii. प्रेमचंद घर में
d. आत्मकथा iv. माटी की मूरतें
v. संस्कृति के चार अध्याय

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	iv	iii	v
(B)	v	i	ii	iv
(C)	iv	iii	i	ii
(D)	iii	ii	iv	i

13. निम्नलिखित निबंध और उनमें वर्णित बीज शब्दों का सुमेलन कीजिए :

a. शिवमूर्ति i. ततः किम
b. कविता क्या है ii. अभिषेक
c. मेरे राम का मुकुट भीग रहा है iii. ज्ञान दशा
d. नाख़ून क्यों बढ़ते हैं iv. मनोमंदिर
v. हिंदुस्थान

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	ii	i	iii	iv
(C)	iii	ii	i	iv
(D)	iv	i	iii	ii

14. जन्म काल के अनुसार निबंधकारों का सुमेलन कीजिए :

a. 1881	i. हजारीप्रसाद द्विवेदी
b. 1907	ii. भारतेंदु
c. 1850	iii. नामवर सिंह
d. 1926	iv. अध्यापक पूर्णसिंह
	v. विवेकी राय

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iii	v	i	iv
(B)	iv	i	ii	iii
(C)	i	iii	iv	ii
(D)	ii	iv	v	iii

15. भारतेंदु के इतिहास संबंधी निबंधों का संगत वर्ग है

(A) पुरूषोत्तम मास विधान, जातीय संगीत अगरवालों की उत्पत्ति, पश्चिमोत्तर देश और पंजाब

(B) महाराष्ट्र देश का इतिहास, उदय पुरोदय, बूंदी का राजवंश, रामायण का समय

(C) गुरू और महंत, परिहासिनी, पाँचवे पैंगबर, नाटकों का इतिहास

(D) भारत वर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है, वैष्णवसर्वस्व, दूषण मालिका, पंच पवित्रात्मा

16. भारतीय साहित्य सिद्धांतों के स्थापना क्रम के अनुसार उनकी संगती है

(A) रस, अलंकार, औचित्य, ध्वनि

(B) रस, अलंकार, ध्वनि, औचित्य

(C) अलंकार, रस, ध्वनि, औचित्य

(D) ध्वनि, रस, अलंकार, औचित्य

17. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित जीवनियों का सही अनुक्रम है

(A) व्योमकेश दरवेश, प्रेमचंद घर में, वटवृक्ष की छाया में, आवारा मसीहा

(B) आवारा मसीहा, वटवृक्ष की छाया में, प्रेमचंद घर में, व्योमकेश दरवेश

(C) वटवृक्ष की छाया में, व्योमकेश दरवेश, आवारा मसीहा, प्रेमचंद घर में

(D) प्रेमचंद घर में, आवारा मसीहा, वटवृक्ष की छाया में, व्योमकेश दरवेश

18. निम्नलिखित नाटकों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) अंधायुग, प्रायश्चित, कोर्ट मार्शल, भारत दुर्दशा

(B) भारत दुर्दशा, प्रायश्चित, कोर्ट मार्शल, अंधायुग

(C) अंधायुग, भारत दुर्दशा, प्रायश्चित, कोर्ट मार्शल

(D) भारत दुर्दशा, प्रायश्चित, अंधायुग, कोर्ट मार्शल

19. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित आलोचना ग्रंथों का सही अनुक्रम है

(A) प्रेमचंद और उनका युग, हिंदी साहित्य के अस्सी वर्ष, कविता का पक्ष, हिंदी नवरत्न

(B) हिंदी नवरत्न, प्रेमचंद और उनका युग, हिंदी साहित्य के अस्सी वर्ष, कविता का पक्ष

(C) हिंदी साहित्य के अस्सी वर्ष, कविता का पक्ष, हिंदी नवरत्न, प्रेमचंद और उनका युग

(D) कविता का पक्ष, हिंदी नवरत्न, प्रेमचंद और उनका युग, हिंदी साहित्य के अस्सी वर्ष

20. निम्नलिखित में से संगत वर्ग है

(A) घनानंद, आलम, ठाकुर, बोधा

(B) बिहारी, घनानंद, ठाकुर, बोधा

(C) घनानंद, बोधा, बिहारी, केशव

(D) मतिराम, ठाकुर, घनानंद, बोधा

21. आचार्य रामचंद्र शुक्ल ने भक्तिकाल का निर्धारण निम्नानुसार किया है

(A) 1375 – 1675 ई.

(B) 1318 – 1643 ई.

(C) 1400 – 1700 ई.

(D) 1350 – 1650 ई.

22. 'तूफानों के बीच' रिपोर्ताज संग्रह के लेखक कौन हैं ?

(A) रांगेय राघव

(B) विष्णु प्रभाकर

(C) धर्मवीर भारती

(D) प्रभाकर माचवे

23. 'श्यामास्वप्न' उपन्यास किसने लिखा है ?

(A) जगमोहन सिंह

(B) राधाकृष्ण दास

(C) भारतेंदु हरिचंद्र

(D) लज्जाराम मेहता

24. निम्नलिखित में से कौन-सी रचना लल्लू लाल की **नहीं** हैं ?

(A) सिंहासन बत्तीसी

(B) बैताल पच्चीसी

(C) सुख सागर

(D) लाल चंद्रिका

25. 'पृथ्वी प्रदक्षिणा' के लेखक है

(A) शिवप्रसाद गुप्त

(B) राहुल सांकृत्यायन

(C) सत्यदेव परिव्राजक

(D) मौलवी महेश प्रसाद

26. हिंदी के स्त्री प्रत्ययों का संगत वर्ग है

(A) ई, आ, बाज, इया

(B) इन, साज, इया, आ

(C) इया, इन, आ, गाह

(D) आ, ई, इत, इया

27. **स्थापना :** जो लोग अपने को देश-हितैषी मानते हों वह अपने सुख को होम करके, अपने धन और मान का बलिदान करके कमर कसके उठो ।

तर्क : देशहित के लिए सुख, धन तथा मान का त्याग आवश्यक है ।

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) तर्क सही है और स्थापना गलत है ।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

28. **स्थापना :** खानों में बाँटकर साहित्य को देखना एक गलत दृष्टिकोण है । उसे उसकी समग्रता और साहित्यिक परंपरा के सन्दर्भ में ही देखना चाहिए ।

तर्क : खानों में बाँटकर देखने से साहित्य के स्वतंत्रता की हानि होती है ।

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

(D) तर्क सही है और स्थापना गलत है ।

29. **स्थापना :** निर्गुण काव्य आचरण की पवित्रता का संदेश लेकर जनता के समक्ष आया । उसमें युगबोध एवं युगचेतना का व्यापक स्वरूप प्रतिफलित है ।

तर्क : संतों ने मानव समाज को दोषमुक्त बनाने की चेष्टा की है ।

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) तर्क सही है और स्थापना गलत है ।

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

(C) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

(D) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

30. **स्थापना :** कविता सहज आंतरिक अनुशासन से युक्त अनुभूतिजन्य सघन लयात्मक शब्दार्थ है, जिसमें सह-अनुभूति उत्पन्न करने की यथेष्ट क्षमता निहित रहती है ।

तर्क : जिसमें लयात्मकता न हो वह कविता सह-अनुभूति उत्पन्न नहीं कर सकती ।

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

(C) तर्क सही है और स्थापना गलत है ।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

31. कहानियों में आए निम्नलिखित पात्रों को उनके कार्य के साथ सुमेलित कीजिए ।

a. मातादीन	i. सैनिक
b. मुकर्जी	ii. डॉक्टर
c. लहनासिंह	iii. इंस्पेक्टर
d. निरबंसिया	iv. पुलिस
	v. राजा

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	v	ii	iv	i
(B)	iii	ii	i	v
(C)	iii	ii	iv	i
(D)	iii	ii	i	iv

32. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए ।

a. महाभोज	i. जगदीश चंद्र
b. आधा पूल	ii. यशपाल
c. झरोखे	iii. मन्नू भंडारी
d. दिव्या	iv. श्रीलाल शुक्ल
	v. भीष्म साहनी

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	iii	v	ii
(B)	iii	i	iv	ii
(C)	v	iii	ii	i
(D)	iii	i	v	ii

33. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके प्रकाशन वर्ष के साथ सुमेलित कीजिए ।

a. पुनर्नवा	i. 1946
b. बाणभट्ट की आत्मकथा	ii. 1963
c. चारू चंद्रलेख	iii. 1976
d. अनामदास का पोधा	iv. 1973
	v. 1950

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	iii	iv	v
(B)	ii	iv	iii	i
(C)	iv	i	ii	iii
(D)	iii	v	iv	i

34. कविता के साथ उनकी काव्य पंक्तियों का सुमेलन कीजिए ।

a. साकेत	i. मैं दुःखिनी देवकी सी हूँ, वही यशोदा माँ तेरी
b. भारत भारती	ii. हैं एक मुट्ठी अन्न को वे द्वार-द्वार पुकारते
c. दुर्भिक्ष	iii. बिकने लगी विद्या यहाँ अब, शक्ति हो तो क्रय करो
d. जयभारत से	iv. दोनों ओर प्रेम पलता है
	v. मानव ! ऐसी भी विरक्ति क्या जीवन के प्रति

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	v	iv	iii	ii
(B)	ii	iii	iv	v
(C)	iv	iii	ii	i
(D)	i	iii	ii	iv

35. निम्नलिखित कविताओं को उनके कवियों के साथ सुमेलित कीजिए ।

a. माया महाठगिनी हम जानी	i. तुलसीदास
b. प्रभु मोरे अवगुण चित न धरौ	ii. कबीर
c. ज्ञानहिं भक्तिहिं नहिं कुछ भेदा	iii. सूरदास
d. प्रभुजी तुम चंदन हम पानी	iv. सुंदरदास
	v. रैदास

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	i	v
(B)	iii	iv	v	ii
(C)	v	ii	iv	iii
(D)	iv	iii	ii	i

36. कालक्रम के अनुसार कृष्णा सोबती के उपन्यासों का सही अनुक्रम है

(A) जिंदगीनामा, दिलोदानिश, सूरजमुखी अँधेरे के, समय सरगम

(B) सूरजमुखी अँधेरे के, जिंदगीनामा, दिलोदानिश, समय सरगम

(C) समय सरगम, जिंदगीनामा, सूरजमुखी अँधेरे के, दिलोदानिश

(D) दिलोदानिश, समय सरगम, सूरजमुखी अँधेरे के, जिंदगीनामा

37. जन्मकाल के अनुसार उपन्यासकारों का सही अनुक्रम कौन–सा है ?

(A) अमृतलाल नागर, अज्ञेय, भीष्म साहनी, जगदीश चंद्र

(B) अज्ञेय, भीष्म साहनी, जगदीश चंद्र, अमृतलाल नागर

(C) भीष्म साहनी, अज्ञेय, जगदीश चंद्र, अमृतलाल नागर

(D) अज्ञेय, भीष्म साहनी, अमृतलाल नागर, जगदीश चंद्र

38. कालक्रम के अनुसार फणीश्वरनाथ रेणु के उपन्यासों का सही क्रम है

(A) परती परिकथा, दीर्घतपा, जुलुस, कितने चौराहे

(B) दीर्घतपा, परती परिकथा, कितने चौराहे, जुलुस

(C) परती परिकथा, जुलुस, दीर्घतपा, कितने चौराहे

(D) कितने चौराहे, परती परिकथा, दीर्घतपा, जुलुस

39. उपन्यास और उपन्यासकारों का संगत वर्ग है

(A) अज्ञेय–दिव्या, भीष्म साहनी–अपने अपने अजनबी, जगदीश चंद्र–वसंती, यशपाल–मुट्ठी भर कांकर

(B) भीष्म साहनी–दिव्या, यशपाल–वसंती, अज्ञेय–अपने अपने अजनबी, जगदीश चंद्र – मुट्ठी भर कांकर

(C) अज्ञेय–अपने अपने अजनबी, यशपाल–दिव्या, भीष्म साहनी–वसंती, जगदीश चंद्र–मुट्ठी भर कांकर

(D) यशपाल–दिव्या, भीष्म साहनी–मुट्ठी भर कांकर, अज्ञेय–वसंती, जगदीश चंद्र–अपने अपने अजनबी

40. निम्नलिखित प्रबंध काव्यों का कालक्रम के अनुसार संगत वर्ग है

(A) उर्वशी, लोकायतन, कनुप्रिया, आत्मजयी

(B) लोकायतन, उर्वशी, आत्मजयी, कनुप्रिया

(C) कनुप्रिया, उर्वशी, लोकायतन, आत्मजयी

(D) उर्वशी, कनुप्रिया, लोकायतन, आत्मजयी

41. निम्नलिखित में से कौन–सा उपशीर्षक 'मजदूरी और प्रेम' निबंध में उद्धृत **नहीं** है ?

(A) गडरिये का जीवन

(B) हल चलानेवाले का जीवन

(C) पश्चिमी सभ्यता का एक नया आदर्श

(D) किसान का समाज जीवन

42. 'गौतम बुद्ध ने उनतीस वर्ष की अवस्था में गृहत्याग कर अमृत के लिए महाभिनिष्क्रमण किया ।' प्रस्तुत वाक्य किस निबंध से उद्धृत है ?

(A) शिवमूर्ति

(B) मजदूरी और प्रेम

(C) उत्तर फाल्गुनी के आसपास

(D) संस्कृति और सौंदर्य

43. 'कल परसों के बरसों' इस रचना की विधा क्या है ?

(A) यात्रावृत्त

(B) आत्मकथा

(C) उपन्यास

(D) संस्मरण

44. निम्नलिखित में से आत्मकथा विधा की रचना **नहीं** है

(A) मुर्दहिया

(B) आपहुदरी

(C) क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(D) आवारा मसीहा

45. 'एक कहानी यह भी' में लेखिका ने अपने जीवन का स्याह पक्ष किस नाम से लिखा ?

(A) पूरक प्रसंग

(B) मुख्य प्रसंग

(C) सहायक प्रसंग

(D) अंतिम प्रसंग

46. निम्नलिखित कहानियों को उनके कहानीकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

a. लाल पान की बेगम — i. रामदरश मिश्र

b. एक औरत एक जिंदगी — ii. निर्मल वर्मा

c. लंदन की एक रात — iii. फणीश्वरनाथ रेणु

d. शव यात्रा — iv. ओमप्रकाश वाल्मीकि

v. कृष्ण बलदेव वैद्य

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	iii	iv	ii
(B)	ii	i	iii	iv
(C)	iv	iii	i	v
(D)	iii	i	ii	iv

47. निम्नलिखित रचनाओं को उनकी विधाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

a. प्रेत की छाया — i. नाटक

b. कर्बला — ii. निबंध

c. छितवन की छाँह — iii. आत्मकथा

d. अन्य से अनन्या — iv. उपन्यास

v. एकांकी

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iv	ii	i	v
(B)	iv	i	ii	iii
(C)	v	iii	ii	i
(D)	i	v	iii	iv

48. निम्नलिखित गद्य कृतियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

a. साहित्यालोचन — i. रामचंद्र शुक्ल

b. रस मीमांसा — ii. विद्यानिवास मिश्र

c. ठेले पर हिमालय — iii. धर्मवीर भारती

d. तमाल के झरोखे से — iv. श्यामसुंदर दास

v. विवेकी राय

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	ii	iii	v
(B)	v	iv	ii	i
(C)	ii	i	iii	iv
(D)	iv	i	iii	ii

49. निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके संपादक के साथ सुमेलित कीजिए :

a. सरस्वती (1900)	i. मदनमोहन मालवीय
b. समालोचक (1902)	ii. गणेशशंकर विद्यार्थी
c. इंदु (1909)	iii. महावीरप्रसाद द्विवेदी
d. प्रताप (1913)	iv. अंबिकाप्रसाद गुप्त
	v. चंद्रधर शर्मा 'गुलेरी'

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	iii	v	ii
(B)	iv	ii	iii	i
(C)	iii	v	iv	ii
(D)	iii	ii	iv	v

50. डॉ नगेंद्र के अनुसार आधुनिक काल के उपविभाजन को उनके नामकरण के साथ सुमेलित कीजिए :

a. पुनर्जागरण काल	i. 1900-1918
b. जागरण–सुधार काल	ii. 1918-1938
c. प्रगति–प्रयोग काल	iii. 1938-1953
d. नवलेखन काल	iv. 1857-1900
	v. 1953 से आगे

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	iv	v
(B)	iv	i	iii	v
(C)	iv	i	ii	iii
(D)	i	ii	iii	v

51. निबंध और उनमें वर्णित पात्रों का संगत वर्ग है

(A) मेरे राम का मुकुट भीग रहा है – कौसल्या, मजदूरी और प्रेम – गडरिया, उत्तर फाल्गुनी के आसपास – सीता, उठ जाग मुसाफिर – मास्टर साहब

(B) उठ जाग मुसाफिर – कौसल्या, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है – गडरिया, मजदूरी और प्रेम – सीता, उत्तर फाल्गुनी के आसपास – मास्टर साहब

(C) मजदूरी और प्रेम – कौसल्या, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है – मास्टर साहब, उत्तर फाल्गुनी के आसपास – गडरिया, उठ जाग मुसाफिर – सीता

(D) उत्तर फाल्गुनी के आसपास – कौसल्या, मजदूरी और प्रेम – मास्टर साहब, मेरे राम का मुकुट भीग रहा है – सीता, उठ जाग मुसाफिर– गडरिया

52. निबंधकार और निबंधों का संगत वर्ग है

(A) भारतेंदु – मित्रता, अध्यापक पूर्णसिंह– आचरण की सभ्यता, रामचंद्र शुक्ल – ईर्ष्या, कुबेरनाथ राय – रस आखेटक

(B) अध्यापक पूर्णसिंह – मित्रता, भारतेंदु – रस आखेटक, कुबेरनाथ राय – ईर्ष्या, रामचंद्र शुक्ल – आचरण की सभ्यता

(C) कुबेरनाथ राय – आचरण की सभ्यता, अध्यापक पूर्णसिंह – रस आखेटक, रामचंद्र शुक्ल – मित्रता, भारतेंदु – ईर्ष्या

(D) रामचंद्र शुक्ल – रस आखेटक, भारतेंदु – ईर्ष्या, कुबेरनाथ राय – मित्रता, अध्यापक पूर्णसिंह – आचरण की सभ्यता

53. विवेकी राय के निबंधों का संगत वर्ग है

(A) किसानों का देश, सदाचार की ताबीज, अंगद का पाँव, त्रिधारा

(B) आस्था और चिंतन, वन तुलसी गंध, किसानों का देश, गाँवों की दुनिया

(C) जगत तपोवन सो कियो, पश्यंती, वाद विवाद संवाद, गँवई गंध गुलाब

(D) त्रिधारा, फिर बैतलवा डाल पर, खुली धूप में नांव पर, दूसरी सतह

54. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित नाटकों का सही अनुक्रम है

(A) कोणार्क, नारद की वीणा, अंधा कुँआ, बकरी

(B) नारद की वीणा, कोणार्क, अंधा कुँआ, बकरी

(C) अंधा कुँआ, बकरी, कोणार्क, नारद की वीणा

(D) बकरी, कोणार्क, अंधा कुँआ, नारद की वीणा

55. प्रकाशन काल की दृष्टि से महिला नाटककारों के नाटकों का सही अनुक्रम है

(A) बिना दीवारों का घर, जो राम रचि राखा, ठहरा हुआ पानी, नेपथ्य राग

(B) बिना दीवारों का घर, ठहरा हुआ पानी, जो राम रचि राखा, नेपथ्य राग

(C) ठहरा हुआ पानी, बिना दीवारों का घर, नेपथ्य राग, जो राम रचि राखा

(D) जो राम रचि राखा, नेपथ्य राग, बिना दीवारों का घर, ठहरा हुआ पानी

56. निम्नलिखित में से काव्य रचनाओं का संगत वर्ग पहचानिए ।

(A) मधुशाला, मधुबाला, प्रणय पत्रिका, निशा निमंत्रण

(B) मधुशाला, प्रणय पत्रिका, मधुबाला, क्या भूलूँ क्या याद करूँ

(C) मधुशाला, मधुबाला, दश द्वार से सोपान तक, बसेरे से दूर

(D) बसेरे से दूर, दश द्वार से सोपान तक, मधुशाला, मधुबाला

57. निम्नलिखित कविताओं को उनके कवियों से सुमेलित कीजिए ।

a. पुष्प की अभिलाषा	i. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला'
b. जवाहरलाल नेहरू के प्रति	ii. जयशंकर प्रसाद
c. भिक्षुक	iii. सुमित्रानंदन पंत
d. भारतवर्ष	iv. माखनलाल चतुर्वेदी
	v. मैथिलीशरण गुप्त

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	i
(B)	iv	iii	i	ii
(C)	v	iv	iii	ii
(D)	ii	iii	iv	v

58. निम्नलिखित में से कवियों का संगत वर्ग पहचानिए ।

(A) नागार्जुन, मुक्तिबोध, धूमिल, त्रिलोचन

(B) महादेवी वर्मा, सुमित्रानंदन पंत, मुक्तिबोध, धूमिल

(C) दिनकर, सुभद्राकुमारी चौहान, नागार्जुन, मुक्तिबोध

(D) मुक्तिबोध, धूमिल, अयोध्यासिंह उपाध्याय, धर्मवीर भारती

59. भरतमुनि के रस सूत्र अनुसार संगत वर्ग है

(A) रस–निष्पत्ति, विभाव, अनुभाव, व्यभिचारी भाव

(B) विभाव, अनुभाव, व्यभिचारी भाव, रस–निष्पत्ति

(C) विभाव, अनुभाव, रस–निष्पत्ति, व्यभिचारी भाव

(D) अनुभाव, विभाव, रस–निष्पत्ति, व्यभिचारी भाव

60. निम्नलिखित पाश्चात्य विचारकों का कालक्रमानुसार संगत वर्ग हैं

(A) विलियम वर्ड्स्वर्थ, एस.टी. कॉलरिज, टी.एस. इलियट, आई.ए. रिचर्ड्स

(B) विलियम वर्ड्स्वर्थ, टी.एस. इलियट, एस.टी. कॉलरिज, आई.ए. रिचर्ड्स

(C) विलियम वर्ड्स्वर्थ, टी.एस. इलियट, आई.ए. रिचर्ड्स, एस.टी. कॉलरिज

(D) एस.टी. कॉलरिज, टी.एस. इलियट, आई.ए. रिचर्ड्स, विलियम वर्ड्स्वर्थ

61. 'बायोग्राफिया लिटरेरिया' इस ग्रंथ के रचयिता कौन है ?

(A) टी. एस. इलियट

(B) अरस्तु

(C) कॉलरिज

(D) आई. ए. रिचर्ड्स

62. औचित्य सिद्धांत के प्रवर्तक हैं

(A) आनंदवर्धन

(B) भामह

(C) अभिनव गुप्त

(D) क्षेमेंद्र

63. ''काव्यशोभाकारान धर्मानलंकारान प्रचक्षते ।''
यह किसकी परिभाषा है ?

(A) भामह

(B) दण्डी

(C) अभिनव गुप्त

(D) वामन

64. ''जबकि मैं जानता हूँ कि
इन्कार से भरी हुई एक चीख
और एक समझदार चुप
दोनों का मतलब एक है ।''
उपरोक्त काव्य पंक्तियाँ किस कवि की है ?

(A) गजानन माधव मुक्तिबोध

(B) नागार्जुन

(C) त्रिलोचन

(D) धूमिल

65. 'कायाकल्प' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष कौन-सा है ?

(A) 1922

(B) 1925

(C) 1926

(D) 1927

66. **स्थापना :** भाषा की समृद्धी साहित्य से होती है । भाषा की समृद्धी से उसके बोलने वालों का जीवनस्तर ऊँचा उठता है । उनमें कार्यकारण परंपरा को सही सही समझने की शक्ति विकसित हैं और उनके चरित्र में नैतिक निष्ठा का विकास होता है । राष्ट्र के सामूहिक सांस्कृतिक स्तर को ऊँचा उठाने का यही सर्वोत्तम उपाय है ।

तर्क : भाषा समाज और राष्ट्र के उत्थान का साधन और परीक्षण का निकष है ।

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है ।

67. **स्थापना :** चिंतनशील व्यक्तियों के विचारों के प्रस्फुटित हो सकने तथा विभिन्न कलाओं और विज्ञानों के समृद्ध हो सकने के लिए एक सुव्यवस्थित समाज का होना अत्यावश्यक है जो पर्याप्त सुरक्षा और अवकाश प्रदान कर सके। घुमक्कड़ों के समुदाय में जहाँ लोगों को जीवित रहने के लिए संघर्ष करना और अभाव से पीड़ित रहना पड़ता है, किसी समृद्ध संस्कृति का पनप सकना असंभव है ।

तर्क : साहित्य और संस्कृति के विकास के लिए समाज का अस्थिर होना हानिकारक है ।

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

(B) तर्क सही है और स्थापना गलत है ।

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

(D) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

68. **स्थापना :** विभाव, अनुभाव और व्यभिचारी भावों का स्थायी भाव के साथ संयोग या संसर्ग होने से रस की सिद्धि होती है ।

तर्क : आधारभूत तत्व है 'स्थायी भाव' – जब वह विभावादि के साथ संयुक्त हो जाता है तो रस की सिद्धि हो जाती है ।

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

(C) तर्क सही है और स्थापना गलत है ।

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

69. **स्थापना :** महाभारत और गीता के बाद पुराणों में कृष्ण का जो रूप विकसित हुआ है, उसके संबंध में विद्वानों ने अटकलों से काम लिया है ।

तर्क : उचित प्रमाण के अभाव में कोई बात मान्य नहीं की जा सकती ।

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

(A) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

(D) स्थापना गलत है और तर्क सही है ।

70. **स्थापना :** सामाजिक बोली का संबंध समाज से होता है । एक ही क्षेत्र में प्रत्येक समाज की बोली अलग–अलग होती है ।

तर्क : बोली समाज का अभिन्न हिस्सा है । और प्रत्येक क्षेत्र में सामाजिक विविधता के कारण भिन्न बोलियाँ पायी जाती हैं ।

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं ।

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है ।

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं ।

(D) तर्क सही है और स्थापना गलत है ।

71. निम्नलिखित में से द्रविड परिवार की भाषा **नहीं** है

(A) कन्नड

(B) तमिल

(C) नेवारी

(D) तेलुगु

72. निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द पुरुषवाचक सर्वनाम **नहीं** है ?

(A) कौन

(B) मैं

(C) तू

(D) हमें

73. 'संघ की राजभाषा हिंदी और लिपि देवनागरी होगी ।' निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह उल्लेख किया गया है ?

(A) अनुच्छेद 342

(B) अनुच्छेद 340

(C) अनुच्छेद 343

(D) अनुच्छेद 341

74 ''कहौं बात सुनो सब लोग । कथा कथा सिंगार वियोग ।'' यह पंक्ति किस कवि की है ?

(A) जायसी

(B) मंझन

(C) उसमान

(D) आलम

75. 'रीतिकाव्य की भूमिका' यह ग्रंथ किसने लिखा है ?

(A) आचार्य परशुराम चतुर्वेदी

(B) आचार्य विश्वनाथप्रसाद मिश्र

(C) डॉ भगीरथ मिश्र

(D) डॉ नगेंद्र

76. निम्नलिखित में से संगत वर्ग है

(A) विनयपत्रिका, कृष्ण गीतावली, कवितावली, रामचंद्रिका

(B) विनयपत्रिका, दोहावली, गीतावली, कवितावली

(C) विनयपत्रिका, साहित्यलहरी, गीतावली, कवितावली

(D) गीतावली, कवितावली, विनयपत्रिका, सूर सारावली

77. निम्नलिखित कवियों का संगत वर्ग है

(A) देवसेन, आसगु, दलपति विजय, सरहपा

(B) सरहपा, जायसी, आसगु, देवसेन

(C) मंझन, जायसी, देवसेन, दलपति विजय

(D) दलपति विजय, कुंभनदास, सरहपा, आसगु

78. खड़ीबोली गद्य से जुड़ा हुआ संगत वर्ग है

(A) एकादशी महिमा, सीधा रास्ता, सकुनावली, हकीकत

(B) एकादशी महिमा, हैदरनामा, सीधा रास्ता, सकुनावली

(C) हैदरनामा, तुतीनामा, सीधा रास्ता, सकुनावली

(D) सीधा रास्ता, एकादशी महिमा, सकुनावली, तारीख जापान

79. तालव्य ध्वनियों का संगत वर्ग है

(A) क्, ख्, ग्, घ्

(B) प्, फ्, ब्, भ्

(C) त्, थ्, द्, ध्

(D) च्, छ्, ज्, झ्

80. भारतीय संविधान में राजभाषा संबंधी अनुच्छेदों का संगत वर्ग है

(A) अनुच्छेद 301, 302, 303, 304

(B) अनुच्छेद 320, 321, 322, 323

(C) अनुच्छेद 343, 344, 345, 346

(D) अनुच्छेद 330, 331, 332, 333

81. जयशंकर प्रसाद के नाट्यगीतों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

a. आह वेदना मिली विदाई, मैंने भ्रमवश जीवन संचित मधुकरियों की भीख लुटाई — i. अजातशत्रु

b. यौवन तेरी चंचल छाया इसमें बैठ घूँट भर पी लूँ जो रास तू है लाया — ii. ध्रुवस्वामिनी

c. कैसी कड़ी रूप की ज्वाला पड़ता है पतंग–सा इसमें मन हो कर मतवाला — iii. स्कंदगुप्त

d. स्वर्ग है नहीं दूसरा और सज्जन हृदय परम करुणामय यही एक है ठौर — iv. कामना

v. चंद्रगुप्त

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	iv	i
(B)	i	iv	v	iii
(C)	iii	ii	v	i
(D)	v	i	iii	iv

82. निम्नलिखित पात्रों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

a. पर्णदत्त — i. सूर्य की अंतिम किरण से सूर्य की पहली किरण तक

b. हेरूप — ii. स्कंदगुप्त

c. ओक्काल — iii. माधवी

d. गालव — iv. कलंकी

v. नरसिंह कथा

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	ii	iii	v
(B)	ii	i	iii	iv
(C)	iv	iii	v	i
(D)	ii	iv	i	iii

83. निम्नलिखित नाटककारों को उनके नाटकों के साथ सुमेलित कीजिए :

a. हरिकृष्ण प्रेमी — i. अंगूर की बेटी

b. गोविंद वल्लभ पंत — ii. संन्यासी

c. लक्ष्मीनाराण मिश्र — iii. अशोक

d. चंद्रगुप्त विद्यालंकार — iv. रक्षाबंधन

v. कर्त्तव्य

इनमें से कौन–सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iv	v	ii	iii
(B)	iv	i	ii	iii
(C)	ii	iii	v	i
(D)	iii	i	iv	v

84. निम्नलिखित कहानियाँ और उनके पात्रों को सुमेलित कीजिए :

a. राजा निरबंसिया	i. लतिका
b. दुलाईवाली	ii. बिरजू की माँ
c. परिंदे	iii. गुसाई
d. कोसी का घटवार	iv. वचनसिंह
	v. बंशीधर

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iii	iv	v	ii
(B)	ii	iii	iv	i
(C)	iv	v	i	iii
(D)	i	iii	v	ii

85. निम्नलिखित कहानियों के पात्र और उनसे जुड़े स्थानों को सुमेलित कीजिए :

a. बुद्धगुप्त	i. अमृतसर
b. लतिका	ii. इलाहाबाद
c. बंशीधर	iii. गर्ल्स होस्टल
d. अतरसिंह	iv. चंपा द्वीप
	v. समंदर

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iv	iii	ii	v
(B)	v	iv	iii	i
(C)	i	iii	ii	iv
(D)	iv	iii	ii	i

86. नाटककार और नाटकों का संगत वर्ग है

(A) श्रीनिवासदास-तप्ता संवरण, किशोरीलाल गोस्वामी-मयंक मंजरी, राधाचरण गोस्वामी-सती चंद्रावती, अंबिकादत्त व्यास-भारत सौभाग्य

(B) अंबिकादत्त व्यास-तप्ता संवरण, राधाचरण गोस्वामी-मयंक मंजरी, किशोरीलाल गोस्वामी-सती चंद्रावती, श्रीनिवासदास-भारत सौभाग्य

(C) राधाचरण गोस्वामी-तप्ता संवरण, किशोरीलाल गोस्वामी-भारत सौभाग्य, श्रीनिवासदास-मयंक मंजरी, अंबिकादत्त व्यास-सती चंद्रावती

(D) किशोरीलाल गोस्वामी-तप्ता संवरण, श्रीनिवासदास-सती चंद्रावती, अंबिकादत्त व्यास-मयंक मंजरी, राधाचरण गोस्वामी-भारत सौभाग्य

87. एक टोकरी भर मिट्टी कहानी में घटनाओं का सही क्रम कौन–सा है ?

(A) जमींदार की झोपड़ी लेने की इच्छा, जमींदार का मिट्टी की टोकरी न उठा पाना, कानूनी चाले चलना, विधवा की एक टोकरी मिट्टी की माँग

(B) विधवा की एक टोकरी मिट्टी की माँग, जमींदार की झोपड़ी लेने की इच्छा, जमींदार का मिट्टी की टोकरी न उठा पाना, कानूनी चाले चलना

(C) जमींदार की झोपड़ी लेने की इच्छा, कानूनी चाले चलना, विधवा की एक टोकरी मिट्टी की माँग, जमींदार का मिट्टी की टोकरी न उठा पाना

(D) जमींदार का मिट्टी की टोकरी न उठा पाना, जमींदार की झोपड़ी लेने की इच्छा, कानूनी चाले चलना, विधवा की एक टोकरी मिट्टी की माँग

88. 'ईदगाह' कहानी में घटनाओं का सही अनुक्रम कौन–सा है ?

(A) ईदगाह जाने की तैयारियाँ, बच्चों का मिठाइयाँ खरीदना, अमीना का छाती पीट लेना, हामिद का चिमटा खरीदना

(B) ईदगाह जाने की तैयारियाँ, बच्चों का मिठाइयाँ खरीदना, हामिद का चिमटा खरीदना, अमीना का छाती पीट लेना

(C) बच्चों का मिठाइयाँ खरीदना, हामिद का चिमटा खरीदना, ईदगाह जाने की तैयारियाँ, अमीना का छाती पीट लेना

(D) ईदगाह जाने की तैयारियाँ, अमीना का छाती पीट लेना, बच्चों का मिठाइयाँ खरीदना, हामिद का चिमटा खरीदना

89. निम्न कहानियों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार सही अनुक्रम है

(A) ईदगाह, अपना अपना भाग्य, राजा निरबंसिया, लाल पान की बेगम

(B) ईदगाह, लाल पान की बेगम, राजा निरबंसिया, अपना अपना भाग्य

(C) ईदगाह, अपना अपना भाग्य, लाल पान की बेगम, राजा निरबंसिया

(D) अपना अपना भाग्य, ईदगाह, लाल पान की बेगम, राजा निरबंसिया

90. तिलस्मी–ऐयारी उपन्यासों का संगत वर्ग है

(A) अनूठी बेगम, मायामहल, तिलस्मी शीशमहल, पुतली महल

(B) तिलस्मी शीशमहल, मायामहल, अनूठी बेगम, शेष यात्रा

(C) मायामहल, तिलस्मी शीशमहल, पुतली महल, पारिजात

(D) परीक्षागुरू, मायामहल, तिलस्मी शीशमहल, अनूठी बेगम

91. निम्नलिखित कवियों को उनकी कविता के साथ सुमेलित कीजिए ।

a. बापू	i. सियारामशरण गुप्त
b. परिवर्तन	ii. महादेवी वर्मा
c. ज्ञानहिं भक्तिहिं नहिं कुछ भेदा	iii. सूरदास
d. दीपशिखा	iv. सुमित्रानंदन पंत
	v. माखनलाल चतुर्वेदी

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	iv	v
(B)	i	iii	v	ii
(C)	v	ii	i	iv
(D)	ii	i	iv	iii

92. निम्नलिखित काव्यपंक्तियों को उनके रचनाकार के साथ सुमेलित कीजिए ।

a. कबीर	i. विपति कसौटी जे कसे, तेही सांचे मीत
b. सूरदास	ii. गाइ नाहर खाइयो हरिन खायो चीता
c. तुलसीदास	iii. निर्गुण कौन देस को बासी ?
d. रहीम	iv. जाके सिर मोर मुकुट मेरो पति
	v. माँगि के खैबो मसीत के सोइबो

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	ii	iii	v	i
(B)	iii	ii	i	iv
(C)	i	ii	iv	iii
(D)	ii	iv	v	iii

93. भारतीय साहित्य सिद्धांत और उनके प्रवर्तक आचार्यों के नाम सुमेलित कीजिए ।

a. अलंकार संप्रदाय	i. वामन
b. रीति संप्रदाय	ii. भरतमुनि
c. ध्वनि संप्रदाय	iii. भामह
d. रस संप्रदाय	iv. आनंदवर्धन
	v. कुंतक

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	iii	i	iv	ii
(B)	i	v	iii	iv
(C)	iii	ii	i	iv
(D)	iii	iv	v	ii

94. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए ।

a. प्लेटो	i. ट्रेडिशन एंड दी इंडिविजुअल टेलेंट
b. टी. एस. इलियट	ii. बायोग्राफिया लिटेरेरिया
c. एस. टी. कॉलरिज	iii. लिरिकल बैलेंडस
d. आई. ए. रिचर्ड्स	iv. दी रिपब्लिक
	v. प्रिंसिपल्स ऑफ़ लिटरेरी क्रिटिसिज्म

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	i	iii	v	iv
(B)	iv	iii	i	ii
(C)	iv	i	ii	v
(D)	ii	iii	iv	v

95. पाश्चात्य साहित्य सिद्धांत और उसके प्रवर्तकों को सुमेलित कीजिए ।

a. निर्वैयक्तिकता	i. आई. ए. रिचर्ड्स
b. संप्रेषण	ii. अरस्तु
c. विरेचन	iii. टी. एस. इलियट
d. काव्य भाषा	iv. कॉलरिज
	v. वर्ड्सवर्थ

इनमें से कौन-सा विकल्प सही है ?

	a	b	c	d
(A)	v	iii	ii	i
(B)	iii	i	ii	v
(C)	i	iv	v	ii
(D)	ii	iii	iv	v

96. निम्नलिखित में से दो समानांतर कथा-प्रसंगों पर चलनेवाला शंकर शेष का नाटक है

(A) कोमल गांधार

(B) पोस्टर

(C) एक और द्रोणाचार्य

(D) अरे मायावी सरोवर

97. ''अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन होता है ।'' यह जयशंकर प्रसाद के किस नाटक की प्रसिद्ध पंक्ति है ?

(A) स्कंदगुप्त

(B) चंद्रगुप्त

(C) ध्रुवस्वामिनी

(D) जनमेजय का नागयज्ञ

98. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक महाभारत की कथा पर आधारित **नहीं** है ?

(A) पहला राजा

(B) माधवी

(C) कोमल गांधार

(D) प्रजा ही रहने दो

99. निम्नलिखित में से कौन-सा नाटक चेकोस्लोवाकिया की लोककथा पर आधारित है ?

(A) रक्तमाल

(B) आठवाँ सर्ग

(C) हानूश

(D) मरजीवा

100. 'दिल्ली दरबार दर्पण' निबंध का प्रकाशन किस वर्ष हुआ ?

(A) 1875

(B) 1870

(C) 1877

(D) 1857

ROUGH WORK